## योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम बढ़ती उम्र में भी ऊर्जावान रहने की दिखाती है राह : विजय शाह



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह शामिल हुए। उनके साथ ही खंडवा विधायक कंचन तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, महापौर अमृता अमर यादव, नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा और जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्रशासनिक अमले से पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा और जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी गौड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्ध जनों और योग प्रेमियों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय समारोह से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने बेहद ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जनजातीय कार्य मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग निर्धारित की गई है, जो बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग करने से हम बढ़ती उम्र में भी पूरी तरह ऊर्जावान, स्वस्थ और सक्रिय रह सकते हैं।

योग हमें जीवन जीने का सही मार्ग दिखाता है और शरीर को अंदरूनी शक्ति प्रदान करता है। मंत्री डॉ शाह ने जोर देकर कहा कि बढ़ती उम्र कभी भी मानवीय क्षमताओं को कम नहीं कर सकती है, बशर्ते हम योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने योग को अपने जीवन में नियमित रूप से अपनाने का संकल्प लिया।

### न्यायिक अधिकारियों और स्टाफ ने सीखे योग के गुर




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को जिला न्यायालय परिसर में सामूहिक योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें न्यायिक अधिकारियों, न्यायालयीन कर्मचारियों और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शिविर में महिला पतंजलि योग संस्था की वरिष्ठ व प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक आशा उपाध्याय ने योग से मानव जीवन में होने वाले शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी को दैनिक जीवन में नियमित रूप से योगाभ्यास अपनाने की समझाइश दी।इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश उत्सव चतुर्वेदी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय योगराज उपाध्याय, जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी, अरविंद टेकाम, आशीष प्रताप सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीयूष भावे सहित जिला न्यायालय के अन्य सभी न्यायाधीशगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलावर सिंह सहित बड़ी संख्या में न्यायालयीन कर्मचारीगण और पैरालीगल वॉलिंटियर्स ने भी सक्रिय रूप से शामिल होकर योगाभ्यास किया।

### ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में सामूहिक योगाभ्यास-




एनएचडीसी लिमिटेड के ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर परियोजना प्रमुख डीके द्विवेदी के नेतृत्व में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत स्वाभिमान न्यास सनावद के सहयोग से हुए इस आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों, उनके परिजनों और सीआईएसएफ के जवानों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में परियोजना प्रमुख श्री द्विवेदी ने सभी को शुभकामनाएं दीं और मुख्य योग प्रशिक्षक श्री राम साद एवं उनकी टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री द्विवेदी ने कहा कि इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग हमें संदेश देती है कि योग के माध्यम से बढ़ती उम्र में भी व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रह सकता है। आधुनिक जीवन के तनाव और अनियमित दिनचर्या के बीच योग एक समग्र जीवन पद्धति है, जो हृदय स्वास्थ्य, श्वसन क्षमता और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में जुटे कर्मचारियों का स्वस्थ रहना जरूरी है, क्योंकि स्वस्थ कर्मचारी ही संस्थान की असली पूंजी हैं। शिविर में लेडीज क्लब की अध्यक्षा अंजना द्विवेदी, महाप्रबंधक विनोद कुमार सिंह, संजय कुमार और मानव संसाधन प्रभारी नबाब खान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और सुरक्षा बल के जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नियमित योगाभ्यास के संकल्प के साथ हुआ।

### शिवरिया टाउनशिप में योग दिवस का आयोजन

श्रीसिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की आवासीय कॉलोनी शिवरिया टाउनशिप स्थित ऑफिसर्स क्लब में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना के मुख्य अभियंता आरके साहू उपस्थित रहे। उनके साथ अतिरिक्त मुख्य अभियंता वीएस मल्ल, एचएस तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में आमंत्रित वरिष्ठ योग प्रशिक्षक स्वामी पूर्णानंद के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। अपने संबोधन में मुख्य अभियंता आरके साहू ने योग को स्वस्थ जीवनशैली का मूल आधार बताते हुए सभी से इसे नियमित अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। इस आयोजन में बालभारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्राचार्या ज्योति गुप्ता के नेतृत्व में पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया, जिसकी सभी ने सराहना की। शिविर में परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी और कॉलोनी वासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिन्होंने अंत में नियमित योग करने का संकल्प लिया।

## पोरवाड़ जैन सामाजिक मंच ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** अंतरराष्ट्रीय पोरवाड़ दिगंबर जैन सामाजिक मंच, खंडवा जोन के तत्वावधान में शुक्रवार को मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह किया। इसमें समाज के उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जिन्होंने 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर परिवार एवं समाज का गौरव बढ़ाया। मंच के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया की मंच के पदाधिकारियों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, माला, पेन एवं उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंच के अध्यक्ष ने कहा शिक्षा ही मनुष्य का सर्वश्रेष्ठ आभूषण है।समाज का भविष्य युवाओं के कंधों पर टिका है। मंच का सतत प्रयास है कि प्रतिभाओं को समय-समय पर पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए, ताकि वे आगे बढकर देश. समाज का नाम रोशन करें। प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि मेघावी छात्रों में प्रांशी प्रेमांशु चौधरी ने10वी कक्षा में 79त्न,तुष्टि एकांत जैन ने 12 वी कक्षा में 80त्न,विरम विपुल जैन ने 10वी कक्षा में 76त्न एवं मोक्षी सौरभ जैन ने 12वी कक्षा में 81त्न,भूमिका धीरज जैन ने 12 वी कक्षा में 85त्न अंक प्राप्त कर समाज एवं परिवार का नाम रोशन किया। सम्मान के इस अवसर पर मंच अध्यक्ष प्रेमांशु जैन अधिवक्ता,सचिव मनीष जैन,महिला अध्यक्ष संगीता जैन, शालू जैन, कोषाध्यक्ष नमिता जैन सदस्य योगिता जैन, लीना जैन, विदुषी जैन सहित मंच के सभी पदाधिकारी, विद्यार्थी, परिजन उपस्थित रहे।

### विश्व संगीत दिवस पर सद्भावना मंच का आयोजन



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** संगीत साज़ और आवाज़ का एक अनोखा मेल और दिलों को जोड़ने का बेहतरीन खेल है। जैसे हर सांस में जीवन है, वैसे ही हर सुर में संगीत है। संगीत वो भाषा है जो बिना बोले ही सीधा आत्मा को छू जाती है। जब शब्द कम पड़ जाएं, तब संगीत ही जीवन में सुकून की राह दिखाता है। यह बात सदभावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने विश्व संगीत दिवस पर सदस्यों को संबोधित करते हुए कहीं। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि विश्व संगीत दिवस पर मालीकुआ स्थित कार्यालय पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, डॉ.जगदीशचंद्र चौरे, ओम पिल्लै, केबी मनसारे, सुरेंद्र गीते, अनूप शर्मा, गणेश भावसार, निर्मल मंगवानी, अजय मंडलोई, योगेश गुजराती, डॉ. एमएम कुरेशी, राधेश्याम शाक्य, सुभाष मीणा, पं. गोपाल भारद्वाज, त्रिलोक चौधरी, धीरज नैगी, अशोक पारवानी, दीलिप गंगराडे, राजेश पोरपंथ, मनीष गुप्ता आदि सहित अनेक सदस्यों द्वारा एक से एक बेहतरीन गीतों को कराओके पर प्रस्तुत कर विश्व संगीत दिवस मनाया गया।

## बालाजी धाम कॉलोनी में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बालाजी धाम कॉलोनी में करें योग, रहें निरोग कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कॉलोनी के निवासियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।योग गुरु रवींद्र कुमार चांडक (गुड्डू भाई) के मार्गदर्शन में उपस्थित जनों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं शारीरिक क्रियाओं का अभ्यास किया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी कॉलोनीवासियों ने प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा योग और शारीरिक गतिविधियों के लिए समय निकालने का सामूहिक संकल्प लिया।इस अवसर पर बालाजी ग्रुप के संस्थापक एवं समाजसेवी कॉलोनाइजर रितेश गोयल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन और आत्मा को भी शुद्ध एवं संतुलित करने का श्रेष्ठ साधन है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में राजकुमार कुशवाहा, गुणवेंद्र सिंह, रूपेश महाजन, कपिल गालर, सुनील मालवीय, अर्पित पुरी, रोहित सेठी, अशोक कुमार सुखवाल, हर्षित उपाध्याय, संदीप सिंह चौहान, उद्धव सिंह सहित कॉलोनी के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से फलाहार ग्रहण

## किशोर कुमार को भारत रत्न दिलाने के लिए खंडवा से महाअभियान शुरू



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** महान गायक एवं अभिनेता स्वर्गीय किशोर कुमार को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिए जाने की मांग को लेकर उनकी जन्मभूमि खंडवा से महाअभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ किशोर भक्त विजय बहादुर सिंह राठौड़ 'आभास' (देवास) ने किया।

किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विजय बहादुर आभास ने किशोर कुमार की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके पैतृक निवास से अभियान की शुरुआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पोस्टकार्ड अभियान भी चलाया गया, जिसमें किशोर प्रेमियों ने हस्ताक्षर कर किशोर कुमार को भारत रत्न देने की मांग का समर्थन किया। मंच के पदाधिकारियों नारायण बाहेती, आशीष चटकेले और सुनील सकरगाये ने कहा कि किशोर कुमार केवल पार्श्वगायक ही नहीं, बल्कि अभिनेता, संगीतकार, निर्माता, निर्देशक और गीतकार के रूप में भी भारतीय कला जगत की अमूल्य धरोहर रहे हैं। उनके गीत आज भी करोड़ों लोगों के दिलों में बसे हुए हैं।विजय बहादुर आभास ने कहा कि किशोर कुमार को भारत रत्न से सम्मानित करना देश की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान होगा।

उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर मध्यप्रदेश के सांसदों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रधानमंत्री तक भावनाएं पहुंचाई जाएंगी। अभियान में मुकेश शुक्ला, नारायण बाहेती, सुनील जैन, सुनील सकरगाये, आशीष चटकेले, संदीप जोशी, नरेश बलवानी, आलोक खेड़े, रितेश चौहान सहित बड़ी संख्या में किशोर प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में किशोर कुमार को भारत रत्न प्रदान करने की मांग का समर्थन किया।

### कलेक्टर और एसडीएम के आदेश पर हटाई गई मूर्तियां

**ओंकारेश्वर।** ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन है। पूजन होलकर ट्रस्ट और स्थानीय पूजारी परिवार करता है। भीड़ बढ़ने पर अब व्यवस्थाएं प्रशासन जिला प्रशासन ममलेश्वर प्रबंध समिति के माध्यम से देख रहा है। इसकी पहली बैठक 28 जुलाई 2025 को एकात्म धाम परियोजना कार्यालय में की गई थी, जिसमें पुरातत्व विभाग को भी सम्मिलित किया गया है किंतु पुरातत्व विभाग की बगैर अनुमति के ही सब काम यहां पर किए जा रहे हैं कल एक ऐसा ही मामला सामने आया जब खंडवा कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम पंकज वर्मा और तहसीलदार उदय मंडलोई ओंकारेश्वर मंदिर कर्मचारियों की टीम को लेकर वृद्ध कालेश्वर मंदिर पहुंचे और ताला तोड़कर वहां की मूर्तियां परिसर के पास ही बने सेड में शिफ्ट करने लगे। यहां तैनात पुरातत्व विभाग के कर्मचारियों ने इस पर आपत्ति ली और कहा कि आप ऊपर बात कीजिए किंतु टीम ने एक न सुनी और ताला तोड़कर मूर्तियां शिफ्ट करने लगे। उन्होंने पुरातत्व विभाग के उपमंडल अधिकारी विपुल मेश्राम को सूचना दी। उन्होंने पुरातत्व अधीक्षक भोपाल को सूचना दी।

### सरस्वती शिशु मंदिर में उत्साहपूर्वक मनाया योग दिवस



**खंडवा।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कल्याणगंज खंडवा में रविवार को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं भैया-बहनों ने विभिन्न योग मुद्राओं और आसनों का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम में योगाचार्य गोविंद सिंह गौर एवं सुश्री मृणाल मालवीया ने योग और आसनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन संतुलित रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। योग दिवस कार्यक्रम में सभी ने निरोगी और स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के वातावरण के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल कॉलेज में योगा कैंप आयोजित



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल कॉलेज में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवनशैली के संदेश के साथ योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपेश आर. उपाध्याय एवं प्रबंधक श्री सतीश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दोनों ने स्वयं योगाभ्यास कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की तथा नियमित योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया।योग सत्र का संचालन योग प्रशिक्षिका कु. सौम्या अनमोले द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के दौरान पूरा परिसर ऊर्जा, एकाग्रता एवं स्वास्थ्य चेतना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त स्टाफ सदस्यों ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन एवं स्वस्थ समाज के संदेश के साथ हुआ। योग दिवस के इस अवसर पर पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल कॉलेज ने सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान का प्रेरणादायी संदेश दिया।

**जानकारी** | प्राकृतिक खेती के लिए हुई कार्यशाला में पहुंचे बड़ी संख्या में किसान

## कृषि विभाग ने किसानों को दी उन्नत तकनीकों की जानकारी



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** किसान कल्याण के अंतर्गत जिला प्रशासन, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा बीएम कृषि महाविद्यालय, खंडवा में प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती, जैव आदानों के निर्माण तथा रसायनों के न्यूनतम उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन मुकेश तनवे, नारायण पटेल, श्रीमती छाया मोरे, महापौर अमृता अमर यादव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं प्राकृतिक खेती प्रमुख नीरज कुशवाहा सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि नितेश यादव, परियोजना संचालक आत्मा आनंद सिंह सोलंकी तथा कृषि वैज्ञानिकों की मौजूदगी में 325 किसानों ने सहभागिता की।

विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती के जैव आदानों की तैयारी, प्राकृतिक उत्पादों के उपयोग और खेती की लागत कम करने के उपायों की जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक लखन यादव एवं शुभम पटेल ने प्राकृतिक खेती और नर्सरी प्रबंधन पर अपने अनुभव साझा किए।मुख्य अतिथियों ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाकर पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग तथा आत्मा परियोजना के सहयोग से किया गया।